### मिडिल ईस्ट तनाव पर आईएमएफ ने जारी की वैश्विक आर्थिक चेतावनी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने ?मिडिल ईस्ट में जारी तनाव को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की है। आईएमएफ का कहना है कि यह संकट वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि धीमी कर सकता है और महंगाई बढ़ा सकता है। खासकर हाल ही में उबर रही अर्थव्यवस्थाओं को इसका गंभीर असर महसूस होगा। तनाव का सबसे बड़ा असर होर्मुज जलडमरूमध्य पर दिख रहा है, जिससे दुनिया का लगभग 25-30 फीसदी तेल और 20 फीसदी गैस गुजरती है। इससे ब्रेंट क्रूड की कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई हैं।

### इलेक्ट्रिक सेगमेंट में ओला रोडस्टर एक्स प्लस स्कूटर ज्यादा चर्चा में

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के चलते भारत में पेट्रोल-डीजल की बढ़ती किल्लत के बीच अब इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। अब बाजार में ऐसी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें भी आ चुकी हैं, जो सिंगल चार्ज में 150 से लेकर 500 किलोमीटर तक की रेंज देने का दावा करती हैं।

इस सेगमेंट में ओला रोडस्टर एक्स प्लस सबसे ज्यादा चर्चा में है, जो 501 किमी तक की आईडीसी रेंज के साथ आती है। इसमें दमदार मोटर और तेज एक्सेलेरेशन मिलता है, जो इसे प्रीमियम विकल्प बनाता है। वहीं अल्ट्रावायलेट एफ 77 मेक 2 भी परफॉर्मेंस के मामले में मजबूत है, जिसकी टॉप रेंज 323 किमी तक जाती है।

### कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, ब्रेंट क्रूड 115 डॉलर के पार

नई दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतें मंगलवार 31 मार्च को लगातार चौथे दिन बढ़ीं। पश्चिम एशिया में युद्ध और तनाव के कारण सप्लाई प्रभावित हो रही है, जिससे तेल की कीमतों में तेजी आई है। मई डिलीवरी के लिए ब्रेंट क्रूड 115.04 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि जून कॉन्ट्रैक्ट 108.96 डालर पर था। अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 105.96 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जो 9 मार्च के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ होरमुज़ को प्रभावी रूप से बंद करने से स्थिति और गंभीर हो गई है।

### अप्रैल में हॉलिडे को मिलाकर कुल 10 दिन बंद रहेगा शेयर बाजार

मुंबई। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत 1 अप्रैल 2026 से हो रही है। इस महीने शेयर बाजार (बीएसई और एनएसई) में सिर्फ दो ट्रेडिंग हॉलिडे होंगी। दोनों एक्सचेंजों पर इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स, करेंसी डेरिवेटिव्स और सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) जैसे सभी सेगमेंट इन हॉलिडे पर बंद रहने वाले है।

## रुपए की लुढ़कती कीमतों पर आरबीआई का सख्त वार
# बैंकों को आर्थिक दबाव का खतरा

**- बैंकों की गुहार- पुरानी पोजीशन को कैप से बाहर रखने और समय बढ़ाने की मांग**



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर होता जा रहा है। शुक्रवार को एक डॉलर की दर 95.30 तक पहुंच गई, जो इस साल रुपये में लगभग 11 फीसदी की गिरावट को दर्शाती है और पिछले 14 वर्षों में सबसे तेज है। रुपये की इस तेजी से गिरावट को रोकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों की नेट ओपन रुपया पोजीशन (एनओपी) पर 100 मिलियन डॉलर की सीमा लगाने का ऐलान किया है।

आरबीआई ने सभी अधिकृत विदेशी मुद्रा डीलरों (बैंकों) को आदेश दिया है कि वे 10 अप्रैल से हर कारोबारी दिन के अंत में अपनी ओपन रुपया पोजीशन 100 मिलियन डॉलर के भीतर रखें। इससे पहले बैंकों को अपनी कुल पूंजी के 25 फीसदी तक की पोजीशन रखने की अनुमति थी, जो बड़े बैंकों के लिए अरबों डॉलर में होती थी। इस नए नियम का मुख्य उद्देश्य ऑनशोर और ऑफशोर मार्केट के बीच हो रहे अरबिट्राज ट्रेड्स को रोकना है। बाजार के कुछ बड़े खिलाड़ी इन ट्रेड्स के जरिए रुपये के खिलाफ सट्टेबाजी कर रहे थे, जिससे रुपये में अस्थिरता बढ़ रही थी। विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम से ट्रेडर्स को अपनी लंबी डॉलर पोजीशन छोड़नी पड़ेगी, जिससे डॉलर की मांग कम होगी और रुपये को मजबूती मिलने की संभावना है।

हालांकि, इस उपाय के बैंकिंग सेक्टर पर नकारात्मक असर की भी संभावना है। एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार बैंकों को इस अचानक बदलाव के कारण बाजार से 30-45 अरब डॉलर तक की पोजीशन को बेचना या बंद करना पड़ सकता है। बैंकों के अनुसार, इतनी बड़ी पोजीशन को अचानक बेचने से बाजार की लिक्विडिटी कम हो जाएगी। इसका सीधा असर ग्राहकों, खासकर आयातकों और निर्यातकों को बेहतर दरें देने की क्षमता पर पड़ेगा। लिक्विडिटी कम होने से छोटी ट्रेड भी कीमतों में बड़े उतार-चढ़ाव ला सकती हैं, जिससे रुपये में स्थिरता की बजाय अस्थिरता का खतरा बढ़ सकता है। अनवाइंडिंग प्रक्रिया में बैंकों को उस समय के स्प्रेड (खरीद और बिक्री दर का अंतर) के आधार पर घाटा भी उठाना पड़ सकता है। अगर सभी बैंक एक साथ 10 अप्रैल तक अपनी पोजीशन बंद करने की कोशिश करेंगे, तो बाजार में डॉलर की आवक अचानक बढ़ जाएगी। इसी कारण बैंकों ने आरबीआई से समय सीमा बढ़ाने और पुरानी पोजीशन को इस कैप से बाहर रखने की गुहार लगाई है। उनका सुझाव है कि केवल नए एनडीएफ ट्रेड पर यह कैप लागू किया जाए, जिससे पोर्टफोलियो को चरणबद्ध तरीके से संतुलित किया जा सके और अनावश्यक वित्तीय नुकसान से बचा जा सके।

## सेबी ने एलीटकॉन इंटरनेशनल और पांच लोगों पर
# लगाया बाजार में हेरफेर का आरोप

**- सेबी ने शेयरों की खरीद-फरोख्त से लगाई रोक, बैंक व डीमैट खातों को फ्रीज करने का निर्देश दिया**




नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, उसके प्रवर्तक विपिन शर्मा और चार अन्य व्यक्तियों पर प्रतिभूति बाजार में हेरफेर और भ्रामक खुलासों के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की। नियामक ने संबंधित व्यक्तियों और कंपनियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शेयरों की खरीद-फरोख्त से रोक दिया और उनके बैंक व डीमैट खातों को जब्त राशि तक फ्रीज करने का निर्देश दिया।

सेबी ने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया जांच में यह पाया गया कि प्रवर्तक और अन्य पक्ष ऊंची कीमत पर अपने शेयर बेचते रहे, जबकि कंपनी और उसके निदेशक निवेशकों को केवल सकारात्मक वित्तीय और परिचालन जानकारी दे रहे थे। इस प्रक्रिया में कथित तौर पर कुल 51.26 करोड़ रुपये की अवैध कमाई हुई। नियामक ने आरोप लगाया कि कंपनी ने महत्वपूर्ण नकारात्मक जानकारी, जैसे कि जीएसटी से जुड़े मुद्दे, निवेशकों से छुपाई। इसके परिणामस्वरूप बाजार में कृत्रिम सकारात्मक धारणा बनी और निवेशकों को शेयर खरीदने के लिए प्रेरित किया गया।

सेबी के अनुसार, ऐसा चयनात्मक खुलासा शेयर कीमत को सहारा देने और निवेशकों का लाभ उठाने की योजना की ओर संकेत करता है। सेबी ने कहा कि इस मामले में विस्तृत जांच की जाएगी और कंपनी के वास्तविक वित्तीय हालात का पता लगाने के लिए फोरेंसिक लेखा परीक्षा कराई जाएगी।

प्रतिबंधित व्यक्तियों को अपनी संपत्तियों और निवेशों का विवरण देने का भी आदेश दिया गया है। सेबी ने स्पष्ट किया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य कथित गैरकानूनी लाभ के दुरुपयोग को रोकना और निवेशकों के हित की रक्षा करना है। प्रवर्तक और अन्य संबंधित इकाइयों पर यह प्रतिबंध अगले आदेश तक लागू रहेगा।

## भारत की ऊर्जा रणनीति में बड़ा बदलाव, रिन्यूएबल और ईवी बने भविष्य की कुंजी

**- तेल संकट और पश्चिम एशिया तनाव के बीच 500 जीडब्ल्यू लक्ष्य, लेकिन ग्रिड और स्टोरेज बड़ी चुनौती**




नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल आपूर्ति पर जोखिम के बीच भारत तेजी से अपनी ऊर्जा रणनीति बदल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश अब फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता घटाकर रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) की ओर बढ़ रहा है, जो आने वाले समय में बड़े निवेश अवसर के रूप में उभर सकता है। भारत ने 2030 तक 500 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता का लक्ष्य रखा है, जिसमें से करीब 275 जीडब्ल्यू हासिल हो चुका है। हालांकि, चुनौती उत्पादन नहीं बल्कि वितरण है। ट्रांसमिशन लाइन की कमी, जमीन अधिग्रहण में देरी और परमिशन से जुड़े मुद्दों के कारण कई प्रोजेक्ट अटके हुए हैं। गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में बिजली बनने के बावजूद उसका पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम और मजबूत ग्रिड इंफ्रास्ट्रक्चर इस समस्या का समाधान बन सकते हैं। इसके साथ ही हाइब्रिड और राउंड-द-क्लॉक पावर प्रोजेक्ट्स पर भी निवेश बढ़ रहा है। दूसरी ओर, कई प्रोजेक्ट्स को पावर खरीद समझौते (पीपीए) नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि ?डिस्कॉम कंपनियां वित्तीय दबाव में हैं। छोटे डेवलपर्स के लिए फंडिंग और जमीन बड़ी चुनौती बनी हुई है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभी भी कमजोर है। देश के पास सिर्फ 5-6 दिन का रणनीतिक तेल भंडार है, जबकि एलपीजी का 55 फीसदी आयात पश्चिम एशिया से होता है। इसे देखते हुए सरकार स्टोरेज क्षमता बढ़ाने और पीएनजी कनेक्शन विस्तार पर काम कर रही है। रिपोर्ट में ईवी और रिन्यूएबल सेक्टर की कंपनियों में निवेश के बेहतर अवसर बताए गए हैं, जो इस बदलाव से सबसे ज्यादा फायदा उठा सकती हैं।

## 1 अप्रैल से सोना-चांदी निवेश के नियमों में होगा बड़ा बदलाव

**- सेबी के नए नियम लागू, अब घरेलू कीमतों पर तय होगी ईटीएफ वैल्यू**



नई दिल्ली । 1 अप्रैल से सोने और चांदी में निवेश करने वाले लोगों के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव लागू हो रहे हैं, जिनका सीधा असर निवेश की वैल्यू, लोन सुविधा और टैक्स प्लानिंग पर पड़ेगा। ?सिक्यु?रिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इं?डिया (सेबी) के नए नियमों के अनुसार अब गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की कीमतें अंतरराष्ट्रीय मानक लंदन ???बु?लियन मार्केट एसो??शिएशन के बजाय भारतीय एक्सचेंज के घरेलू स्पॉट प्राइस पर आधारित होंगी। इससे निवेशकों को देश के वास्तविक बाजार भाव का बेहतर अंदाजा मिलेगा और विदेशी मुद्रा के उतार-चढ़ाव का असर कम होगा। वहीं, लोन से जुड़े नियमों में भी राहत दी गई है। अब तक आमतौर पर बैंकों से गोल्ड लोन ही आसानी से मिलता था, लेकिन नए प्रावधानों के तहत बैंक और को-ऑपरेटिव फाइनेंस संस्थाएं चांदी (गहने, सिक्के और बर्तन) के बदले भी लोन दे सकेंगी। यह कदम खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद होगा, जिनकी बचत चांदी के रूप में है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) निवेशकों के लिए भी नियम बदले हैं। ?रिजर्व बैंक आफ इं?डिया से सीधे खरीदे गए बॉन्ड पर मैच्योरिटी पर मिलने वाला लाभ टैक्स-फ्री रहेगा। हालांकि, यदि एसजीबी सेकेंडरी मार्केट से खरीदे गए हैं, तो उस पर टैक्स छूट नहीं मिलेगी। इन बदलावों के बाद निवेशकों को अपनी रणनीति में बदलाव करना पड़ सकता है, खासकर ईटीएफ और एसजीबी में निवेश करते समय।

### तेल पर एक्साइज ड्यूटी घटने के बाद भी कंपनियां लाभ में नहीं

नई दिल्ली । सरकार ने 27 मार्च से पेट्रोल और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की एक्साइज ड्यूटी घटाई। इससे आम लोगों को राहत मिली है और कंपनियों का घाटा घटकर 17इ28 रुपये प्रति लीटर रह गया है। हालांकि, वे अभी भी पूरी तरह लाभ में नहीं हैं। रिफाइनरी कंपनियों पर डीजल पर 21.5 रुपये और एयरक्राफ्ट फ्यूल पर 29.5 रुपये प्रति लीटर विंडफॉल टैक्स लगाया गया।

## विनफास्ट तीन नए इलेक्ट्रिक स्कूटर लाने की तैयारी में



नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में सक्रिय होने के बाद अब विनफास्ट कंपनी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मार्केट में भी एंट्री की तैयारी कर चुकी है। भारत में विनफास्ट कंपनी अपने घरेलू बाजार में बिकने वाले तीन स्कूटर विनफास्ट ईवीओ, विनफास्ट फेलीझ और विनफास्ट वाइपर को लॉन्च करने की योजना बना रही है।

शुरुआती चरण में ये स्कूटर वियतनाम से सीकेडी यूनिट्स के रूप में भारत लाए जाएंगे और तमिलनाडु स्थित प्लांट में असेंबल किए जाएंगे। कंपनी ने स्थानीय उत्पादन बढ़ाने के लिए तमिलनाडु सरकार के साथ समझौता भी किया है, जिसके तहत थूथुकुडी के सिपकॉट इंडस्ट्रियल पार्क में विस्तार की योजना है। भारतीय बाजार में इन स्कूटर्स का मुकाबला टीवीएस आईक्यूब, बजाज चेतक इलेक्ट्रिक, ओला एस1, अथेर रिज्टा और हीरो वीडा जैसे मॉडलों से होगा। इनमें सबसे प्रीमियम मॉडल वाइपर होगा, जिसमें 3,000 डब्ल्यू बीएलडीसी इन-हब मोटर दी जाएगी, जो 70 किमी/घंटा तक की टॉप स्पीड दे सकती है।

इसमें एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप, स्मार्ट-की फीचर्स और बेहतर सस्पेंशन सिस्टम जैसे एडवांस फीचर्स मिलेंगे। फेलीझ भी लगभग समान परफॉर्मेंस देता है, जबकि ईवीओ में 2,450 वॉट मोटर दी जाएगी। तीनों स्कूटर्स में बैटरी स्वैप टेक्नोलॉजी दी जाएगी, जिसमें सीट के नीचे दो 1.5 केडब्ल्यूएच एलएफपी बैटरी स्लॉट मिलेंगे। फुल चार्ज पर ईवीओ करीब 165 किमी और वाइपर व फेलीझ लगभग 156 किमी की रेंज देने में सक्षम होंगे। इसके अलावा ईवीओ लाइट वर्जन भी आएगा, जिसकी स्पीड 50 किमी/घंटा से कम होगी और इसके लिए लाइसेंस की जरूरत नहीं होगी।

## किफायती होने के साथ शानदार माइलेज देती है ये 5 कारें



नई दिल्ली। भारतीय कार बाजार में कई ऐसी कारें मौजूद हैं जो किफायती होने के साथ शानदार माइलेज भी देती हैं। पेट्रोल-डीजल के दामों में उतार-चढाव के बीच आजकल कार खरीदते समय माइलेज सबसे अहम फैक्टर बन गया है।

खासकर मिडिल क्लास परिवार ऐसी गाड़ियों की तलाश में हैं जो कम ईंधन में ज्यादा दूरी तय कर सकें। इनमें कुछ मॉडल 25 से 28 किमी/लीटर से ज्यादा का माइलेज देने में सक्षम हैं। इस लिस्ट में सबसे आगे मारुति सुजुकी ग्रांड विटारा (विक्टोरिस) का नाम आता है, जो 28.65 किमी/लीटर तक का माइलेज देती है। इसका हाइब्रिड इंजन इसे बड़ी एसयूवी होने के बावजूद बेहद फ्यूल एफिशिएंट बनाता है। दूसरे नंबर पर टोयोटा अर्बन क्रूजर हायराइडर है, जो 27.97 किमी/लीटर का माइलेज देती है। इसका स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड सिस्टम इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर के तालमेल से बेहतर एफिशिएंसी देता है। प्रीमियम सेडान सेगमेंट में होंडा सिटी हायब्रिड भी शानदार विकल्प है, जो 27.26 किमी/लीटर का माइलेज देती है।

इसका स्मार्ट हाइब्रिड सिस्टम ड्राइविंग के दौरान खुद तय करता है कि कब इंजन और कब बैटरी का इस्तेमाल करना है। वहीं बजट सेगमेंट में मारुति सुजुकी सेलेरियो 26 किमी/लीटर के माइलेज के साथ एक बेहतरीन ऑप्शन है, जो कम कीमत और कम मेंटेनेंस के लिए जानी जाती है। इसके अलावा मारुति सुजुकी स्वीफ्ट का नया मॉडल भी 25.75 किमी/लीटर तक का माइलेज देता है। यह कार माइलेज के साथ स्पोर्टी डिजाइन और अच्छी परफॉर्मेंस का संतुलन पेश करती है।

## भारत के लिए ऊर्जा संकट की चेतावनी, ईवी और रिन्यूएबल ऊर्जा में तेजी जरूरी

**- वर्तमान में भारत के पास पेट्रोलियम का केवल 5-6 दिन का स्ट्रेटेजिक रिजर्व**



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने वैश्विक तेल बाजार को अस्थिर कर दिया है और भारत जैसे बड़े आयातक देशों के लिए खतरा और बढ़ गया है। एक की रिपोर्ट के मुताबिक, यह सिर्फ अस्थायी झटका नहीं, बल्कि भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा के लिए चेतावनी है। वर्तमान में भारत के पास पेट्रोलियम का केवल 5-6 दिन का स्ट्रेटेजिक रिजर्व है, जबकि एलपीजी की स्थिति और गंभीर है, क्योंकि देश अपनी जरूरत का 55 फीसदी आयात पर निर्भर करता है और स्टॉक सिर्फ 20-25 दिन का है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईवी अपनाना भारत के लिए सबसे बड़ा हथियार हो सकता है। अगर सरकार सब्सिडी फिर से लागू करती है, तो 2035 तक तेल आयात में लगभग 4.5 फीसदी की कमी लाई जा सकती है। ईवी का हिस्सा वर्तमान में 23 फीसदी है, जबकि सब्सिडी मिलने पर यह 34 फीसदी तक बढ़ सकता है। इससे न केवल खर्च कम होगा, बल्कि करंट अकाउंट घाटा भी घटेगा। हालांकि ईवी अपनाने की राह आसान नहीं है। वर्तमान में इसका उपयोग केवल 7 फीसदी है। चार्जिंग स्टेशन की कमी, बैटरी तकनीक की सीमाएं और ऊंची कीमतें बड़ी बाधा हैं। ऑटो (3-व्हीलर) में तेजी है और 2-व्हीलर में भी भविष्य में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

**नाम सुधार सूचना**

सत्येंद्र सिंह पिता दिलदार - सिंह ग्राम पोस्ट अहिरगाँव के निवासी है जो कि मेरे नाम की LIC का पॉलिसी नंबर 357097173 जो अमरपाटन शाखा में संचालित है जबकि - सभी रिकार्ड पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता ओम प्रकाश सिंह पिता दिलदार सिंह के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है।

ओम प्रकाश सिंह पिता दिलदार सिंह

## गिरावट के बाद चमक सकता है स्मालकेप स्टॉक टाइम टेक्नोप्लास्ट!

**- 2026 में 15 फीसदी टूटा, ब्रोकरेज को अब 70 फीसदी अपसाइड का दिख रहा मौका**

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव का असर भारतीय शेयर बाजारों पर साफ दिखाई दे रहा है। सोमवार को भी बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई और यह लगातार दूसरा कारोबारी सत्र रहा जब प्रमुख सूचकांक दबाव में बंद हुए। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली, जिससे ज्यादातर शेयर लाल निशान में बंद हुए। निवेशकों की चिंता बढ़ने के चलते लगभग सभी सेक्टरों में कमजोरी दर्ज की गई। इस गिरावट के बीच ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने स्मॉलकैप कंपनी टाइम टेक्नोप्लास्ट पर सकारात्मक रुख बनाए रखा है। ब्रोकरेज का मानना है कि हालिया गिरावट लंबी अवधि के निवेशकों के लिए एक अच्छा अवसर पेश करती है। मोतीलाल ओसवाल ने इस स्टॉक पर 'खरीदारी' की सलाह बरकरार रखते हुए 280 रुपए का टारगेट प्राइस दिया है।

मौजूदा स्तर से यह करीब 70 प्रतिशत से अधिक संभावित रिटर्न दर्शाता है। ब्रोकरेज के अनुसार, भले ही पश्चिम एशिया में तनाव बना हुआ है, लेकिन कंपनी के ऑपरेशन काफी हद तक स्थिर हैं। इस क्षेत्र से कंपनी की कुल आय का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा आता है, जिससे जोखिम सीमित रहता है।

कंपनी की रणनीति, जिसमें 11 देशों में स्थानीय स्तर पर उत्पादन और बिक्री शामिल है, सप्लाई चेन पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को कम करने में मदद करती है।

इसके अलावा, वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स और कम्पोजिट सिलेंडर सेगमेंट में बढ़ती हिस्सेदारी कंपनी के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत देती है।

## ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर टोल और सत नियम को दी मंजूरी

**- अमेरिका-इजराइल के जहाजों पर रोक का प्रस्ताव, वैश्विक तेल आपूर्ति पर असर की आशंका**



नई दिल्ली। ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने हाल ही में स्ट्रेट आफ होर्मुज को लेकर एक अहम मैनेजमेंट प्लान को मंजूरी दी है। इस योजना में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर टोल (शुल्क) लगाने का प्रस्ताव शामिल है।

सरकारी मीडिया के अनुसार, योजना में सुरक्षा, जहाजों की सुरक्षित आवाजाही, पर्यावरण संरक्षण और वित्तीय प्रबंधन जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया है। प्रस्ताव के तहत टोल वसूली ईरानी मुद्रा रियाल में की जाएगी। साथ ही यूनाइटेड स्टेट और इजरायल के जहाजों के इस मार्ग से गुजरने पर रोक लगाने की बात कही गई है। इसके अलावा उन देशों के जहाजों को भी अनुमति नहीं दी जाएगी, जो ईरान पर एकतरफा प्रतिबंधों में शामिल हैं। योजना में ओमान के साथ मिलकर कानूनी ढांचा तैयार करने का भी उल्लेख है। इस बीच, अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि अमेरिका भविष्य में इस जलमार्ग पर स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि इसके लिए बहुराष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा सकती है। वहीं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जलमार्ग को बाधित किया गया, तो अमेरिका ऊर्जा ढांचे पर कार्रवाई कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से वैश्विक तेल आपूर्ति और समुद्री व्यापार प्रभावित हो सकता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ने की आशंका है।

## दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के साथ झड़प में आईडीएफ के चार जवानों की मौत

तेल अवीव। इजरायली सेना ने घोषणा की है कि दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के साथ हुई झड़प में आईडीएफ के चार जवान की मौत हुई और दो अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय कैप्टन नोआम मदमोनी, 21 वर्षीय स्टाफ सार्जेंट बेन कोहेन, 21 वर्षीय, स्टाफ सार्जेंट मैक्सिम एंटिस के रूप में हुई है। ये सभी नाहल ब्रिगेड की यूनिट में तैनात थे।इजराइली सेना का कहना है कि चौथे जवान का नाम बाद में बताया जाएगा। इसके अलावा एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया और एक आरक्षित सैनिक को मामूली चोटें आई हैं।

## नरम पड़े ट्रंप के तेवर, होर्मुज जलमार्ग को पूरी तरह खोले बिना ही युद्ध समाप्ति के दिए संकेत

वाशिंगटन। ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख में एक बड़ा और चौंकाने वाला बदलाव देखने को मिल रहा है। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप अब इस सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए तैयार दिख रहे हैं, भले ही रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (होर्मुज जलडमरूमध्य) पूरी तरह से दोबारा न खुले। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट के बयानों से यह स्पष्ट हुआ है कि इस अहम तेल मार्ग को तत्काल खोलना अब अमेरिकी जीत के लिए अनिवार्य शर्त नहीं माना जा रहा है। ट्रंप ने अपने करीबियों और सहयोगियों से चर्चा के दौरान संकेत दिए हैं कि युद्ध की प्राथमिकताओं को अब नए सिरे से परिभाषित किया गया है।

## ईरानी हमलों के कारण तेल अवीव में लगातार बज रहे हवाई हमलों के सायरन

तेल अवीव। इजरायल की राजधानी तेल अवीव में हाल ही में हवाई हमलों के सायरन 12 घंटे की शांति के बाद फिर से गूंज उठे हैं। अलग-अलग इलाकों में कुल 1,230 से अधिक बार अलर्ट बजाए गए, जो युद्ध की तीव्रता का संकेत हैं। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने बीते 24 घंटों में ईरान के 170 ठिकानों पर हमला किया और करीब 400 बम और अन्य एम्यूनिशन का इस्तेमाल किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शांति की बातचीत की बात कर रहे हैं, लेकिन जमीन पर दोनों पक्ष लगातार पलटवार कर रहे हैं।

## एपिस्टीन सेक्स कांड में प्रभावित पीड़ितों को 686 करोड़ का मुआवजा देगा बैंक

वाशिंगटन।अमेरिका में चर्चित जेफ्री एपिस्टीन सेक्स कांड से जुड़े मामले में बैंक ऑफ अमेरिका ने प्रभावित पीड़ितों को करीब 686 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मुआवजे के तौर पर देने पर सहमति जताई है।

यह भुगतान उन लोगों के लिए होगा, जो वर्ष 2008 से 2019 के बीच कथित शोषण का शिकार हुए थे और जिन्होंने बैंक की भूमिका पर सवाल उठाए थे।

## ईरान ने अमेरिकी-इजरायली जहाजों पर लगाया प्रतिबंध
# अब दूसरों से वसूलेगा टोल टैक्स



तेहरान। ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने सामरिक रूप से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज (होर्मुज जलडमरूमध्य) के लिए एक नई प्रबंधन योजना को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस नए कानून के तहत अब इस मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर न केवल टोल वसूला जाएगा, बल्कि अमेरिका और इजरायल के जहाजों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, यह कदम इस जलमार्ग पर तेहरान के नियंत्रण को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक ब?ा फैसला है।

ईरान द्वारा तैयार की गई इस नई प्रबंधन योजना में जहाजों के लिए रियाल आधारित टोल सिस्टम लागू किया गया है। इसमें समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और वित्तीय नियमों से जु?ी क?ी शर्तें शामिल की गई हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस योजना के अंतर्गत उन देशों के जहाजों पर भी प्रतिबंध ब?ाने का प्रस्ताव है जो ईरान पर एकतरफा प्रतिबंध लगाते हैं। ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह ओमान के साथ मिलकर इस जलमार्ग के प्रबंधन के लिए एक कानूनी ढांचा तैयार कर रहा है, ताकि इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता को पुनः स्थापित किया जा सके। दुनिया के कुल तेल व्यापार का एक ब?ा हिस्सा इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है, ऐसे में ईरान का यह फैसला वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है।

दूसरी ओर, अमेरिका इस महत्वपूर्ण जलमार्ग को खुला रखने के अपने प्रयासों में अब तक विफल नजर आ रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक साक्षात्कार में स्वीकार किया है कि वर्तमान में विभिन्न देश ईरानी शासन के साथ अलग-अलग समझौते कर रहे हैं ताकि उनके जहाजों की आवाजाही सुरक्षित रह सके। हालांकि, उन्होंने यह भी दावा किया कि आने वाले समय में अमेरिका बहुराष्ट्रीय एस्कॉर्ट या सैन्य सुरक्षा के जरिए इस मार्ग पर फिर से नियंत्रण हासिल करेगा ताकि स्वतंत्र नौवहन सुनिश्चित किया जा सके। अमेरिका की इस रणनीति का उद्देश्य ईरान के बढ़ते प्रभुत्व को कम करना है। इस पूरे घटनाक्रम पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बेहद सख्त रुख अख्तियार किया है। उन्होंने ईरान को सीधी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापार के लिए तुरंत नहीं खोला गया और कोई समझौता नहीं हुआ, तो ईरान को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप ने संकेत दिया है कि ऐसी स्थिति में अमेरिका ईरान के ऊर्जा ढांचे, तेल कुओं, बिजली संयंत्रों और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप को पूरी तरह नष्ट कर सकता है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती यह तल्खी अब एक ब? सैन्य और आर्थिक टकराव की ओर ब?ती दिख रही है, जिसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय माना जा रहा है।

## पाकिस्तान में गैस पाइपलाइन पर हमला, एलपीजी संकट और नई साजिश के संकेत



कराची। पाकिस्तान इन दिनों भयंकर ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है। पहले ही देश में एलपीजी की कमी जनता को परेशान कर रही थी, लेकिन अब क्वेटा, बलूचिस्तान में बड़ी गैस पाइपलाइन पर बम हमला हुआ है। 30 मार्च 2026 को क्वेटा शहर के बाहर अख्तराबाद वेस्टर्न बायपास पर सुई सदर्न गैस कंपनी की 18 इंच की मुख्य पाइपलाइन को विस्फोटक कर उड़ा दिया गया। विस्फोट इतना तेज था कि आग की लपटें दूर से दिखाई दीं और वॉल्व असेंबली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हमले के बाद क्वेटा और आसपास के जिलों जैसे हजारा टाउन, हजरगंजी, खरोटाबाद, मस्तुंग, कलात, पिशिन, कुचलाक और जियारत में गैस सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई। प्राथमिक जांच में पता चला है कि पाइपलाइन के नीचे विस्फोटक लगाए गए थे। फिलहाल किसी भी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

विशेषज्ञों और आम लोगों का मानना है कि यह केवल आतंकवादी हमला नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश के तहत किया गया है, जिसका उद्देश्य देश को अस्थिर करना और ऊर्जा संकट को बढ़ाना है। बलूचिस्तान पहले ही पाकिस्तान का सबसे अशांत प्रांत रहा है, जहां अलगाववादी विद्रोही और इस्लामिक आतंकवादी समूह अक्सर गैस पाइपलाइनों को निशाना बनाते रहे हैं।

सुई सदर्न गैस कंपनी ने स्पष्ट रूप से बताया है, जबकि काउंटर टेररिज्म विभाग ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पाकिस्तान पहले से ही एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति के लिए कतर और यूएई पर निर्भर है। मध्यपूर्व में युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में रुकावटों के कारण आयात प्रभावित हो रहा है। घरेलू पाइपलाइनों पर हमला इस संकट को और बढ़ा रहा है। उद्योगों और आम नागरिकों को गैस कटौती का सामना करना पड़ रहा है, और ठंड के मौसम में खाना पकाने जैसी बुनियादी जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। पाकिस्तान सरकार ने पहले ही ऊर्जा बचत के लिए कड़े कदम उठाए हैं, लेकिन पाइपलाइन पर हमला लोगों पर दबाव बढ़ाने और देश की आंतरिक अस्थिरता बढ़ाने का नया खतरा पेश करता है।

## वैचारिक मतभेदों पर खुलकर बोलीं उषा वेंस, पति के हर विचार से सहमत होना जरूरी नहीं



वाशिंगटन। अमेरिका की सेकंड लेडी उषा वेंस ने अपने पति और देश के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ अपने रिश्तों और वैचारिक भिन्नता को लेकर बेहद बेबाकी से अपनी राय रखी है। एक हालिया साक्षात्कार में उषा ने स्पष्ट किया कि एक पत्नी होने के नाते उन पर कभी भी अपने पति के सभी राजनीतिक विचारों या नीतियों से सहमत होने का कोई दबाव नहीं रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे पेशेवर तौर पर जेडी वेंस की टीम या स्टाफ का हिस्सा नहीं हैं, इसलिए हर मुद्दे पर दोनों की एक ही राय हो, ऐसी उम्मीद करना भी सही नहीं है।

उषा वेंस के अनुसार, एक दंपति के रूप में उनके बीच संवाद का स्तर बहुत खुला और पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि वे दोनों अक्सर विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हैं और एक ऐसी जीवनसंगिनी के तौर पर जो उनसे प्रेम करती है और उन्हें सफल देखना चाहती है, वे हमेशा अपनी सार्थक राय जेडी वेंस के सामने रखती हैं। उषा ने कहा कि भले ही कई बार उनके बीच असहमति हो, लेकिन उनके बीच होने वाली बातचीत हमेशा फलदायी और सकारात्मक होती है। उन्होंने यह भी साझा किया कि हालांकि उपराष्ट्रपति के पास नीतिगत सलाहकारों की एक बड़ी टीम मौजूद है, लेकिन जब भी कोई व्यक्तिगत मसला जेडी वेंस को परेशान करता है, तो वे अपनी पत्नी के पास ही मशवरा करने आते हैं। साक्षात्कार के दौरान उषा ने अपनी राजनीतिक पहचान पर भी स्थिति साफ की। गौरतलब है कि उषा वेंस वर्ष 2014 तक एक पंजीकृत डेमोक्रेट थीं और उन्होंने जेडी वेंस के सीनेट चुनाव लड़ने के दौरान पहली बार रिपब्लिकन पार्टी को वोट दिया था। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी पुरानी और वर्तमान पहचान के साथ इस राजनीतिक दुनिया में रहने में कोई संकोच नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनसे कभी भी किसी तरह का लिटमस टेस्ट देने को नहीं कहा गया और वे आज भी वही इंसान हैं जो 2014 में थीं। जब उनसे जेडी वेंस के 2028 में राष्ट्रपति पद के चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बहुत ही कूटनीतिक जवाब दिया। उषा ने कहा कि वर्तमान में जेडी का पूरा ध्यान मध्यावधि चुनावों और देश की समसामयिक घटनाओं पर केंद्रित है।

## तुर्की पर मिसाइल से हमला- ईरान ने किया इंकार, फाल्स फ्लैग ऑपरेशन की आशंका

### नाटो ने इंटरसेप्ट किया मिसाइल, अमेरिका-इज़राइल पर संभावित साजिश के आरोप



इस्तांबुल। तुर्की में हाल ही में एक मिसाइल हमले की खबर सामने आई, जिसे नाटो के एयर डिफेंस सिस्टम ने इंटरसेप्ट किया। प्रारंभिक रिपोर्ट्स में इसे ईरान से दागे जाने का दावा किया गया था, लेकिन ईरान ने स्पष्ट रूप से इस बात से इंकार किया है। ईरान का कहना है कि उसने तुर्की या उसके पड़ोसी देशों पर कोई हमला नहीं किया है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर यह हमला ईरान की ओर से नहीं किया गया था, तो इसे फाल्स फ्लैग ऑपरेशन के तौर पर देखा जा सकता है। इसका उद्देश्य संभावित रूप से नाटो देशों को युद्ध में खींचना और क्षेत्रीय तनाव बढ़ाना हो सकता है। इस संदर्भ में अमेरिका और इज़राइल पर ऐसे साजिश के आरोप लग रहे हैं।

तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगान ने स्थिति को संभालते हुए कहा कि यदि कुर्दिश लड़ाके ईरान में हमले की योजना बनाते हैं तो तुर्की इसे गंभीरता से लेगा। उन्होंने किसी भी उकसावे या प्रतिक्रिया में संयम बरतने का संकेत दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि तुर्की, जो नाटो का सदस्य है, ने फिलहाल युद्ध में शामिल होने से खुद को अलग रखा है, ताकि क्षेत्रीय जटिलता और नाटो देशों की भागीदारी पर कोई दबाव न पड़े। मिडिल ईस्ट के पड़ोसी देश जैसे मिस्र और अजरबैजान भी इस घटना पर सतर्क हैं।

यह घटना चौथी बार सामने आई है जब तुर्की पर कथित मिसाइल हमला हुआ है और सभी बार ईरान ने हमले से इंकार किया।


## जैश सरगना मसूद अजहर को लगा झटका, भाई और आतंकी मास्टरमाइंड ताहिर अनवर की मौत



इस्लामाबाद। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के भीतर उस समय हड़कंप मच गया जब इसके सरगना मसूद अजहर के बड़े भाई ताहिर अनवर की अचानक मौत की खबर सामने आई। ताहिर की मौत का कारण अभी भी रहस्य बना हुआ है। मसूद अजहर, जो पहले ही ऑपरेशन सिंदूर में अपने परिवार के कई सदस्यों को खो चुका है, उसके लिए ताहिर की मौत एक अपूरणीय क्षति मानी जा रही है।

ताहिर अनवर महज मसूद अजहर का भाई नहीं था, बल्कि वह जैश-ए-मोहम्मद के तमाम आतंकी मंसूबों का मुख्य रणनीतिकार और फ्रेमवर्क तैयार करने वाला मास्टरमाइंड था। 11 भाई-बहनों में सबसे बड़ा होने के कारण ताहिर का कद संगठन में बहुत ऊंचा था। साल 2000 में जैश की स्थापना के समय से ही उसने पर्दे के पीछे रहकर सैन्य मामलों की कमान संभाली थी। जहां मसूद अजहर सार्वजनिक रूप से जहर उगलने और संगठन का चेहरा बनने के लिए जाना जाता था, वहीं ताहिर ने कभी खुद को सार्वजनिक नहीं किया। वह बहावलपुर स्थित जैश के मुख्यालय मरकज उस्मान ओ अली से ही अपनी गतिविधियों को संचालित करता था।आतंकी संगठन में ताहिर अनवर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उसे संगठन की रीढ़ माना जाता था क्योंकि आतंकियों की भर्ती से लेकर उनके प्रशिक्षण शिविरों के संचालन तक की पूरी जिम्मेदारी उसी के पास थी। हाल ही में ताहिर ने एक बेहद खतरनाक कदम उठाते हुए जैश की महिला आतंकी विंग जमात उन मोमिनत की शुरुआत की थी। वह इन महिलाओं को आतंकी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षित कर रहा था ताकि संगठन को एक नया और घातक विस्तार दिया जा सके। मसूद अजहर के लिए यह झटका इसलिए भी गहरा है क्योंकि10 सदस्यों सहित 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

## नासा का आर्टेमिस सेंकड मिशन 54 साल बाद इंसानों को चांद के पास ले जाएगा........आज होगा लांच



वाशिंगटन। नासा अपने सबसे महत्वाकांक्षी मिशन को शुरू करने को तैयार है। आर्टेमिस सेंकड मिशन 54 साल बाद इंसानों को चांद के पास ले जाएगा। चार अंतरिक्ष यात्री ओरियन कैप्सूल में बैठकर विशालकाय एसएलएस रॉकेट से उड़ान भरने वाले है। यह मिशन लांच 1 अप्रैल 2026 को फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से होने वाला है। यह मिशन करीब 10 दिन का होगा। इसमें चांद के चारों ओर घूमकर वापस पृथ्वी आना है। चांद पर उतरना नहीं है।

आर्टेमिस सेंकड के अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी से सबसे ज्यादा दूर जाएंगे। वे चांद के पास तक करीब 4 लाख 2 हजार किलोमीटर दूर पहुंचने वाले है। यह अपोलो 13 मिशन से भी 2414 किलोमीटर ज्यादा दूरी है।

मिशन फ्री-रिटर्न ट्रैजेक्टरी पर चलेगा यानी चांद के पीछे से घूमकर बिना रॉकेट जलाए वापस आ जाएंगे। चांद के पीछे जाते समय 50 मिनट तक रेडियो संपर्क भी नहीं रहेगा। यह रिकॉर्ड लंबे समय तक कायम रह सकता है क्योंकि आगे के मिशन इस तरह की ट्रैजेक्टरी नहीं अपनाएंगे। इस मिशन में अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी पर वापस आने के समय सबसे तेज स्पीड से आएंगे। उनकी री-एंट्री स्पीड 40200 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा होगी। जो कि अपोलो 10 के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। इतनी तेज स्पीड से आने पर ओरियन कैप्सूल के हीट शील्ड पर बहुत ज्यादा गर्मी पड़ेगी। नासा का कहना है कि हीट शील्ड इस गर्मी को सहन कर लेगी। इस वजह से ये अंतरिक्ष यात्री इतिहास के सबसे तेज इंसान भी बन जाएंगे। पायलट विक्टर ग्लोवर इस मिशन में इतिहास रचने वाले है। वे चांद के पास जाने वाले पहले ब्लैक अंतरिक्ष यात्री बनने वाले है। वे पहले भी स्पेस स्टेशन जा चुके हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल को पायलट करने वाले पहले व्यक्ति हैं। आर्टेमिस सेंकड में वे ओरियन कैप्सूल को भी थोड़ी देर के लिए मैन्युअल कंट्रोल करेगा। मिशन स्पेशलिस्ट क्रिस्टीना कोच पहली महिला बनेंगी जो लो अर्थ ऑर्बिट से आगे चंद्रमा के पास जाएगी। उन्होंने पहले स्पेस स्टेशन पर महिला का सबसे लंबा लगातार स्पेस फ्लाइट रिकॉर्ड 328 दिन का बनाया था। उन्होंने पहले सभी महिला स्पेसवॉक में भी हिस्सा लिया था।

## इस्फहान में अमेरिकी हमला: 2000 पाउंड के बंकर-बस्टर बमों से ईरान के ठिकाने तबाह

### -ट्रंप ने शेयर किया धमाकों का वीडियो, मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव



वाशिंगटन। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच टकराव और तेज हो गया है। ताजा जानकारी के मुताबिक, अमेरिका ने इस्फहान में एक बड़े हथियार गोदाम को निशाना बनाते हुए 2000 पाउंड (करीब 907 किलोग्राम) के 'बंकर-बस्टर' बमों से हमला किया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करना बताया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हमले में अत्याधुनिक पेनेट्रेटर म्यूनिशन का इस्तेमाल किया गया, जो जमीन के भीतर गहराई तक बने कंक्रीट संरक्षित ठिकानों को भी भेदने में सक्षम होते हैं। बताया जा रहा है कि हमले में इस्फहान स्थित एक अहम गोला-बारूद डिपो को गंभीर नुकसान पहुंचा है। इससे पहले भी 7-8 मार्च को इसी क्षेत्र में हमले किए गए थे। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों का कहना है कि 'बंकर-बस्टर' बम विशेष रूप से भूमिगत सैन्य ठिकानों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किए जाते हैं। इनकी क्षमता इतनी अधिक होती है कि ये मजबूत कंक्रीट संरचनाओं को भेदकर अंदर विस्फोट करते हैं, जिससे व्यापक तबाही होती है।

हमले के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर इस घटना से जुड़ा एक वीडियो साझा किया। वीडियो में रात के अंधेरे में जोरदार धमाके, आग की लपटें और आसमान में उठता धुएं का गुबार साफ नजर आ रहा है। इन विस्फोटों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इस हमले के बाद क्षेत्र में पहले से जारी तनाव और बढ़ सकता है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच टकराव की स्थिति पहले ही गंभीर बनी हुई है, और इस तरह की सैन्य कार्रवाई से हालात और जटिल हो सकते हैं।

हालांकि, इस हमले में हुए वास्तविक नुकसान या हताहतों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है।

## चीन में निर्माणाधीन टनल में भीषण धमाका, 4 मजदूरों की मौत, 09 घायल

### ज्वलनशील गैस बनी विस्फोट का कारण, निर्माण कार्य रोका गया



बीजिंग। दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग क्षेत्र में एक निर्माणाधीन सुरंग में हुए भीषण विस्फोट ने चार मजदूरों की जान ले ली, जबकि 9 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा सोमवार दोपहर उस समय हुआ, जब एक राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के तहत सुरंग निर्माण का काम चल रहा था।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह सुरंग हुबेई और सिचुआन प्रांतों को जोड़ने के लिए बनाई जा रही थी। वानझोउ जिला परिवहन आयोग ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि मौके पर मौजूद कई मजदूर इसकी चपेट में आ गए। प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद एक मजदूर लापता हो गया था और 12 लोग घायल बताए गए थे। बाद में बचाव दल ने मलबे से लापता व्यक्ति का शव बरामद किया, जबकि अस्पताल में इलाज के दौरान तीन अन्य घायलों ने दम तोड़ दिया। इस प्रकार मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई। जांच में शुरुआती तौर पर सामने आया है कि सुरंग के भीतर ज्वलनशील गैस जमा हो गई थी, जिससे यह विस्फोट हुआ। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत तकनीकी जांच जारी है। घटना के बाद प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। साथ ही, सुरक्षा के मद्देनजर निर्माण कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

## ईरान पर परमाणु हमले की गुप्त तैयारी का आरोप लगा मोहमद साफा ने दिया इस्तीफा



न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े एक वरिष्ठ पूर्व राजनयिक मोहम्मद साफा ने अपने पद से अचानक इस्तीफा देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हड़कंप मचा दिया है। साफा ने अपने इस्तीफे के साथ एक खौफनाक दावा किया है कि यह वैश्विक संस्था ईरान में परमाणु हथियारों के संभावित इस्तेमाल से जुड़े एक गुप्त परिदृश्य की गुपचुप तरीके से तैयारी कर रही है। हालांकि, उनके इस सनसनीखेज दावे की अभी तक किसी स्वतंत्र स्रोत से पुष्टि नहीं हुई है और न ही संयुक्त राष्ट्र की ओर से इस पर कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने आया है।

मोहम्मद साफा संयुक्त राष्ट्र में पैट्रियॉटिक विजन ऑर्गनाइजेशन (पीवीए) के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत थे, जिसे संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद के साथ विशेष सलाहकार का दर्जा प्राप्त है। साफा पिछले एक दशक से अधिक समय से इस संगठन से जुड़े थे और 2013 से इसके कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए साफा ने एक विस्तृत पत्र साझा किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त राष्ट्र के भीतर कुछ शीर्ष अधिकारी एक अत्यंत शक्तिशाली लॉबी के प्रभाव में हैं।

साफा ने अपने पत्र में चेतावनी देते हुए लिखा कि लोग स्थिति की गंभीरता को नहीं समझ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि तेहरान जैसी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में परमाणु हथियारों के उपयोग की तैयारी चल रही है, जिसके परिणाम विनाशकारी होंगे। उन्होंने कहा, मैंने यह जानकारी सार्वजनिक करने के लिए अपना राजनयिक करियर दांव पर लगा दिया है ताकि बहुत देर होने से पहले परमाणु सर्दी के खतरे को रोका जा सके। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अक्टूबर 2023 के संघर्ष के बाद से अलग विचार रखने के कारण उन्हें निरंतर सेंसरशिप और धमकियों का सामना करना पड़ रहा था। फिलहाल संयुक्त राष्ट्र ने इन गंभीर आरोपों पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है।

हालांकि, बिना किसी आधिकारिक पुष्टि के भी इस दावे ने पश्चिम एशिया के मौजूदा संघर्ष और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

लुसाने। भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएस नेशंस कप टूर्नामेंट में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप प्रो लीग से बाहर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजेता टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में खेलने का अवसर मिलता है।भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद से ही प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे।

## फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ले सकते हैं संन्यास

टोक्यो। जापान ग्रां प्री में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने से निराश फॉर्मूला वन चालक मैक्स वर्स्टापेन ने कहा है कि वह अब अपने भविष्य को लेकर विचार कर रहे हैं। वर्स्टापेन के अनुसार सारी जिंदगी आप रेस नहीं कर सकते और जीवन में आगे भी काफी कुछ है। इससे माना जा रहा है कि वह आने वाले दिनों में संन्यास का फैसला कर सकते हैं। इस सत्र के नियमों से भी वह परेशान नजर आये। चार बार के विश्व चैंपियन वर्स्टापेन ने भी मान है कि जापान ग्रां प्री में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। सुजुका सर्किट पर 11वें स्थान से शुरुआत करने के बाद वह आठवें स्थान तक ही पहुंच सके।

## वैभव सभी मैचों में उतरेंगे - रियान

गुवाहाटी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कहा है कि उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी इस सत्र में अपनी सभी 14 मैच खेलेंगे। 15 साल के वैभव ने पहले ही मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 300 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से अर्धशतक लगाकर राजस्थान रॉयल्स की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इससे उत्साहित रॉयल्स के कप्तान रियान ने कहा है हालात कैसे भी हों वैभव हर मैच खेलेंगे। सीएसके के खिलाफ मैच के बाद कप्तान रियान से जब वैभव के बारे में पूछा गया कि आप उन्हें क्या कहेंगे? पराग ने कहा, मैं उसे यही कहूंगा कि तुम 14 गेम खेलने वाले हो और गेम में चाहे कुछ भी हो, तुम्हें इसी प्रकर निडर होकर खेलना है।

## आईपीएल की कवरेज के लिए आये ब्रिटेन के ब्रॉडकास्ट इंजीनियर की मौत

मुम्बई। आईपीएल कवरेज की जिम्मेदारी संभाल रहें ब्रॉडकास्ट इंजीनियर ब्रिटेन के इयान विलियम्स लैंगफोर्ड की अचानक हुई मौत से सनसनी फैल गयी है। लैंगफोर्ड को मुंबई के पांच सितारा ट्राइडेंट होटल में मृत पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इयान 24 मार्च से ही होटल में ठहरे हुए थे।

# आईपीएल में आज होगा लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

### शाम 7.30 शुरु होगा मैच




लखनऊ। यहां के इकाना स्टेडियम में बुधवार को लखनऊ सुपरजायंटस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। सुपरजायंटस के लिए सकारात्मक बात ये रहेगी कि उसे घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। सुपरजायंटस की कप्तानी जहां ऋषभ पंत के पास है, वहीं दिल्ली की कमान अक्षर पटेल संभालेंगे। ऋषभ इस लीग में बेहतर बल्लेबाजी कर अपनी फिटनेस और फार्म हासिल करने का प्रयास करेंगे। वहीं अक्षर का प्रयास भी अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना है। इन दोनो ही टीमों का प्रदर्षन पिछले सत्र में अच्छा नहीं रहा था। पिछली बार दोनों ही टीमें प्लेऑफ में जगह नहीं बना पाय थीं। आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो टीमों के बीच हुए सात मैचों में से दिल्ली ने चार जीते हैं जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। वहीं हाल के वर्षों में लखनऊ ने दिल्ली को तीन मैच हराकर दिखाया है कि वह भी बराबरी की दावेदार है। उसने 200 रन से अधिक रन बनाकर दिल्ली को कड़ी टकर दी है। ऐसें में अगर कैपिटल्स को इस बार जीत दर्ज करनी है तो उसे अपनी ताकत और कमजोरियों को पहचानना होगा। बेन डकेट के नाम वापस लेने ने उसे झटक लगा है। अब उसकी बल्लेबाजी शीर्ष क्रम में केएल राहुल और पथुम निसांका के अलावा पृथ्वी शॉ पर आधारित रहेगी। वहीं मध्यक्रम में टीम के पास ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और डेविड मिलर जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के फिट नहीं होने से टीम की गेंदबाजी की जिम्मेदारी लुंगी एनगिडी, कुलदीप यादव और आकिब नबी पर रहेगी। कप्तान अक्षर पर बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में में भी टीम की ओर से अधिक से अधिक योगदान देने की जिम्मेदारी रहेगी। टीम 2008 से ही लीग का हिस्सा है पर एक बार भी खिताब नहीं जीत पाई है। इस दौरान उसने कई कप्तान भी बदले हैं। दिल्ली के लिए इस मुकाब्ले में राहुल एक्स फैक्टर साबित हो सकते हैं। 145 आईपीएल मैचों में 46.21 के शानदार औसत से 5222 रन बनाने वाले राहुल इस टूर्नामेंट के सबसे लगातार प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों में से एक रहे हैं।लखनऊ जैसी कठिन पिच पर राहुल की पारी को संभालने की क्षमता और भी ज्यादा कीमती साबित होगी। अगर वह टीम को एक मजबूत शुरुआत दे पाते हैं और अंत तक बल्लेबाजी करते हैं, तो इससे मध्य क्रम पर दबाव कम होगा और टीम एक अच्छा स्कोर खड़ा कर पाएगी।. राहुल के जोड़ीदार के तौर पर पृथ्वी शॉ को मौका मिल सकता है। अभिषेक पोरेल ने भी आईपीएल 2025 में अपनी बल्लेबाजी से खासा प्रभावित किया था। पोरेल ने 13 मुकाबलों में 146 के स्ट्राइक रेट से 301 रन बनाए थे। करुण नायर,ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर से भी इस सीजन टीम को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मिलर के आने से टीम का मध्यक्रम और ज्यादा संतुलित दिख रहा है।

## कोच ने बताया सूर्यकुमार के इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरने का कारण



मुम्बई । मुंबई इंडियंस टीम में शामिल बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईपीएल सत्र के पहले ही मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान में उतरे। सूर्या ने इस मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की पर पर वह फिल्डिंग के लिए मैदान में नहीं उतरे।

इसके बाद से ही कई सवाल उठे हैं जिनको लेकर अब टीम के मुख्य कोच महेला जयवर्धने सफाई दी है। जयवर्धने ने कहा कि टीम में सब कुछ ठीक है और किसी प्रकार की अटकलें लगायी नहीं जानी चाहिये। सूर्यकुमार को हल्की ग्रोइन समस्या थी, इसलिए उन्हें इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा गया।

जिससे वह चोट से बचे रहें। जयवर्धने के अनुसार वह फील्डिंग करने के लिए तैयार थे पर टीम प्रबंधन किसी प्रकार से उनकी फिटनेस को लेकर खतरा मौल नहीं लेना चाहता था। कोच ने साफ कहा कि बड़े खिलाड़ियों को पूरे सत्र के लिए फिट रखना जरूरी है, इसलिए ये सोचा-समझा फैसला था। सूर्या ने केकेआर के खिलाफ ने 8 गेंदों में 16 रन की तेज पारी खेली।

उन्होंने शुरुआत में ही बाउंड्री लगाकर लय दिखाई, लेकिन 15वें ओवर में आउट हो गए। मुंबई इंडियंस का अगला मैच 4 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। और माना जा रहा है कि इस मैच में सूर्यकुमार इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर नहीं बल्कि अंतिम ग्यारह में शामिल रहेंगे।

## ओवर्टन ने धोनी का रिकार्ड तोड़ा

### आठवें नंबर पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने



गुवाहाटी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से खेल रहे जैमी ओवर्टन ने आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 43 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के साथ ही पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का भी एक रिकार्ड तोड़ दिया। ओवर्टन के कारण ही सीएसके 100 रन से ऊपर पहुंची। टीम के 127 रनों में से 43 रन ओवर्टन ने बनाए और धोनी का आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 38 रनों के स्कोर को रिकार्ड भी तोड़ दिया। धोनी इस मैच में शामिल नहीं थे। वह चोट के कारण शुरुआती मैचों से बाहर हैं। इस मैच में टीम को एक बार फिर धोनी की कमी महसूस की। आईपीएल में सीएसके की ओर से धोनी ने अब तक 6 मैच नहीं खेल पाये हैं और इनमें से पांच मैचों में टीम हार है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह टीम के लिए कितने जरुरी हैं।

जैमी ओवर्टन अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नंबर 8 या इससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अभी तक यह रिकॉर्ड धोनी के नाम दर्ज था। धोनी ने साल 2024 में विशाखापट्टनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 37 रनों की पारी खेली थी, जबकि अब ओवर्टन ने 43 रन बनाए। इस ऑलराउंडर ने रन आउट होने से पहले 36 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की सहायता से 43 रनों की पारी खेली।

## शुरुआती मैच में मिली हार से निराश नहीं रुतुराज

### गलतियों से सबके लेते हुए वापसी करेंगे



गुवाहाटी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल के पहले ही मैच में मिली हार से सबक लेते हुए उनकी टीम वापसी करेगी। रुतुराज ने टीम का बचाव करते हुए कहा है कि सत्र की शुरुआत में गलती होना चल सकता है पर बाद में नहीं। अभी सत्र का पहला ही मैच हुआ है जिसमें मिली हार से टीम को काफी कुछ सीखने को मिला है। इसलिए टीम में पर किसी प्रकार का मानसिक दबाव नहीं है।

टीम आने वाले सत्र में प्रदर्शन के लिए तैयार है। वहीं मैच को लेकर उन्होंने कहा, मैं अधिक निराश नहीं हूं। इसका कारण है कि इस मैच की शुरुआत में हालात कठिन थे। हमारे टीम के लिए जोफा आर्चर जैसे गेंदबाज का सामना करना आसान नहीं था। तब स्पिनरों को भी विकेट से सहायाता मिल रही थी जिससे हालात और खराब थे। स्पिनर्स को भी मदद मिल रही थी।+ उन्होंने हालांकि माना कि टीम बाद में बेहतर बल्लेबाजी कर सकती थी पर असफल रही। उन्होंने कहा कि हम मैच को अंत तक ले जान चाहते थे। हमारा लक्ष्य 150-160 तक पहुंचना था पर सफल नहीं रहे। उन्होंने माना कि टीम की बल्लेबाज विफल रही। पावरप्ले में टीम ने 41 रनों के अंदर तीन विकेट खो दिये थे जिससे उसपर दबाव आ गया था। पारी में कोई भी साझेदारी 40 रन तक नहीं पहुंच सकी जिससे टीम अच्छा स्कोर नहीं बनाने से हार गयी। एक के बाद एक विकेट गिरने से टीम को संभलने का अवसर ही नहीं मिला। इस मैच में टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रहे और उसने शुरुआत में ही रुतुराज और संजू सैमसन के विकेट गंवा दिये। वहीं युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे शून्य पर ही आउट हो गये। मध्य क्रम भी असफल रहा। इम्पैक्स प्लेयर के तौर पर उतरे सरफराज खान भी 17 रन ही बना पाये। युवा खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाए। केवल जेमी ओवरटन ही टिककर खेल पाये। ओवरटन ने 36 गेंदों में 43 रन बनाये पर किसी भी बल्लेबाज ने उनका साथ नहीं दिया। शिवम दुबे 6 रन, नूर अहमद 1 रन और मैट हेनरी 5 रन बनाकर आउट हो गए, पूरी टीम 127 रन पर ऑल आउट हो गई। इसके बाद रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी से आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब सीएस की टीम गुरुवार को पंजाब किंग्स से खेलेगी। इस मैच में सभी की नजरें सीएसके पर रहेंगी।

## वैभव की पारी देखकर कैफ के सुर बदले, बोले उसकी क्षमताएं पहचानने में मुझसे भूल हुई

### वह अगले स्तर पर जाने के लिए तैयार




गुवाहाटी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शुरुआत से पहले उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की आलोचना करने वालों के सुर भी उनकी बल्लेबाजी देखकर अब बदल गये हैं। जिस प्रकार से वैभव ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ पहले ही मैच में 15 गेंदों में ही तेजी से अर्धशतक लगाया है। उससे पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाये। पहले जहां कैफ ने कहा था कि वैभव को लेकर जरुरत से ज्यादा बातें कही जा रही हैं, वहीं इस बल्लेबाज की पारी देखकर अब कैफ को भी अपनी धारणा बदलनी पड़ी है। कैफ ने माना है कि वैभव की क्षमताएं पहचानने में उनसे गलती हो गयी।

कैफ ने सोशल मीडिया में लिखा, 'पिछले सत्र में मुझे लगा था कि वैभव सूर्यवंशी को बहुत जल्दी हाइप मिल रही है। पुराने विचारों वाला क्रिकेटर होने के नाते मेरा मानना है कि युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में कोई जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए। लेकिन एक साल बाद मुझे लगता है कि वह अगले स्तर पर जाने के लिए तैयार है। यह 15 साल का लड़का मनोरंजन भी कर सकता है और मैच विजेता पारियां भी खेल सकता है।'पिछले साल उसने 35 गेंद में शतक लगाया था। वहीं अब 15 गेंद में अर्धशतक लगाया है। पिछले साल वैभव ने 14 साल की उम्र में डेब्यू किया था। वह आईपीएल इतिहास में डेब्यू करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। पिछले सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में इस बल्लेबाज ने 35 गेंद में शतक लगा दिया था। ये आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक है। उनसे पहले सबसे तेज शतक केवल यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 2013 में केवल 30 गेंदों में तीन अंकों का आंकड़ा हासिल किया था। सोमवार को हुए मैच की बात करें तो सीएसके पहले बल्लेबाजी करते हुए केवल 127 रन पर सिमट गई। टीम पूरे 20 ओवर तक नहीं खेल पाई और 19.4 ओवर में ही सिमट गई।

## दिल्ली को जीत दिलाने अक्षर पटेल को निरंतरता लानी होगी - इरफान पठान



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर ऑलराउंडर और कप्तान अक्षर पटेल के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है और अगर उन्हें अपनी टीम को जीत दिलानी है तो इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पठान के अनुसार पिछले सत्र में अक्षर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। पठान ने बताया है कि हाल के दिनों में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे बड़ी चिंता टीम के खिलाड़ियों का कमजोर प्रदर्शन रहा है।

पठान ने किहा कि अक्षर पिछले सत्र के 12 मैचों में केवल 5 विकेट ले पाये और अन्होंने 263 रन बनाए। पठान ने कहा, पिछले साल अक्षर की गेंदबाजी में धार नहीं दिखी थी। उनका आत्मविश्वास हालांकि कप्तान बनने के बाद बढ़ा होगा पर अगर वह अपनी तरफ से नियमित रूप से विकेट लेते हैं, तो उनकी टीम हावी हो जाएगी क्योंकि उनकी टीम के पास कुलदीप यादव जैसा विकेट लेने वाला गेंदबाज है। इसके अलावा विपराज निगम जैसे उभारत हुआ खिलाड़ी है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कहा, आपको अक्षर और कुलदीप जैसी स्पिन-गेंदबाजी की जोड़ी कहीं और देखने को नहीं मिलेगी। आपको इसमें विपराज का नाम भी जोड़ना होगा। विपराज के साथ उनके पास दो ऐसे अनुभवी खिलाड़ी हैं जिन्होंने लगातार दो विश्व कप जीते हैं।

भारतीय टीम के मुख्य खिलाड़ियों वाला ऐसा अनुभव आपको हर जगह नहीं मिलता। दिल्ली के लिए ये सकारात्मक बात है। कैपिटल्स ने पिछले सत्र की शुरुआत काफी अच्छी करते हुए लगातार चार मैच जीते थे। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स , सनराइजर्स हैदराबाद , चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी को हराया था पर उसके बाद मुंबई इंडियंस से हार गए और इससे टीम ने अपनी लय गंवा दी थी। यह टीम अपने पिछले 10 मैचों में से सिर्फ तीन ही जीत पाई और अंक तालिका में 5 स्थान पर रही।

अब इस सत्र में टीम बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। उसे अपना पहला मुकाबला 1 अप्रैल को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलना है। दिल्ली का लक्ष्य इस मैच को जीतकर अच्छी शुरुआत करना रहेगा।

## पावरप्ले की कमज़ोरी नहीं ठीक कर पायी सीएसके



गुवाहाटी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम एक बार फिर पावरप्ले में कमजोर साबित हुई है। इसी कारण आईपीएल 2026 के अपने पहले ही मैच में उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। सीएसके की आधी टीम शुरुआती छह ओवरों में ही मात्र 41 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी थी। पिछले साल भी उसने पावरप्ले में ही अपने विकेट गंवा दिये थे। कागज पर जहां टीम की बल्लेबाजी कमजोर नजर आती है, वहीं मैदान पर आते ही उसकी कमजोरी की पोल खुल गयी। टूर्नामेंट की शुरुआत पहले दो मैचों में पावरप्ले में बड़े स्कोर के साथ हुई थी। इससे यह साफ हो गया कि अब लीग में पावरप्ले बल्लेबाजी का स्तर काफी कुछ तय करता है। ऐसे में शुरुआत में ही करीब पांच विकेट गिरना दिखाता है कि मैच टीम के हाथों से निकल गया है।

इससे पहले आईपीएल 2025 में भी सीएसके का प्रदर्शन पावरप्ले में अच्छा नहीं रहा था। टीम पावरप्ले में 14 पारियों में 8.70 के रन रेट से 731 रन ही बना पायी थी। उसका औसत पावरप्ले स्कोर 52.21 रहा। सीएसके ने पिछले सत्र में पावरप्ले में 29 विकेट खोये यानी हर पारी में औसतन 2.07 विकेट, जबकि डॉट बॉल प्रतिशत 42.66 फीसदी रहा।पावरप्ले के पहले हाफ में ही काफी कुछ तय होता है। 1 से 3 ओवर में सीएसके ने सिर्फ 7.76 की रन रेट से रन बनाए और 49.60 फीसदी गेंद डॉट खेली। सीएसके के लिए चिंता की बात सिर्फ कम स्कोर नहीं है। असली चिंता यह है कि इस विकेट गिरने का तरीका पिछले साल जैसा ही है। आईपीएल 2025 में सीएसके की पावरप्ले बल्लेबाजी इसलिए खराब थी क्योंकि वह कम स्कोरिंग और ज्यादा नुकसान वाली थी।

## कार्तिक अन्य तेज गेंदबाजों के एक्शन की नकल न करें - स्टेन



मुम्बई। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के युवा तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी अपना गेंदबाजी एक्शन बार-बार बदल रहे हैं जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। स्टेन के अनसार जिस प्रकार से कार्तिक अन्य गेंदबाजों की नकल करने का प्रयास कर रहे हैं उससे उन्हें बचना होगा। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा कि किसी की नकल से कुछ लाभ जरुर मिल सकता है पर हर गेंदबाज के पास आना स्वयं का एक्शन होता है जिसे बनाये रखना चाहिये। आईईपीएल के पहले ही मैच में कार्तिक ने केकेआर के खिलाफ अपने पहले ही मैच में सूर्यकुमार यादव का विकेट लिया था पर उन्होंने 43 रन भी अपनी गेंदबाजी में दिये। स्टेन ने यह भी कहा कि इस युवा में काफी प्रतिभा है और उसे इसका सही से इस्तेमाल करना चाहिये। इसके साथ ही धैर्य रखते हुए विकेट के लिए हड़बड़ी नहीं करनी चाहिये। स्टेन के अनुसार, विकेट लेने की एक प्रक्रिया होती है और खिलाड़ी को उसी पर ध्यान देना चाहिए, न कि हर गेंद पर विकेट लेने का प्रयास करना चाहिये। साथ ही कहा कि इस गेंदबाज को अपने पर भरोसा रखते हुए जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।अब तक के आईपीएल कैरियर को देखें तो कार्तिक ने आईपीएल 2020 में राजस्थान के लिए खेलते हुए 10 मैचों में 9 विकेट लिए थे और तभी सभी का ध्यान उनपर गया था। साल 2021 में उन्होंने पंजाब के खिलाफ आखिरी ओवर में 4 रन बचाकर मैच जिताया था।

## जडेजा ने बताया, गन शॉट सेलिब्रेशन का कारण



गुवाहाटी। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने आईपीएल 2026 की शुरुआत जीत से की है। उसने पहले ही मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को हराया है। इस मैच में रॉयल्स की ओर से खेल रहे रविन्द्र जडेजा ने सीएसके के शिवम दुबे को आउट करने के बाद गन शॉट सेलिब्रेशन किय। ये पहली बार है जब जडेजा ने इस प्रकार से जश्न मानाया। वह अबतक तलवारबाजी वाला जश्न मानते आये हैं पर गन शॉट वाला नहीं। वहीं जडेजा ने इसका कारण भी बताया है।

उन्होंने कहा कि मैं जानता था कि शिवम कैसे सोचते हैं। इसलिए मुझे पता था कि वह बड़ा शॉट खेलने का प्रयास करेगा और उसकी इसी योजना को विफल करने में मैं सफल रहा। इसी कारण मैंने जश्न मनाया।

इससे पहले तक सीएसके में रहे जडेजा पहली बार रॉयल्स से खेल रहे हैं। जडेजा ने अपनी पुरानी टीम के सामने खतरनाक गेंदबाजी की। 3 ओवर में 18 रन दिए और 2 विकेट लिए। इसमें सरफराज खान और शिवम दुबे का विकेट शामिल था। दोनों को एक ही ओवर में जडेजा ने अपना शिकार बनाया। शिवम को आउट करने के बाद जश्न के कारण वह निगाहों में आये। जडेज ने कहा, मैं उन्हें काफी लंबे समय से जानता हूं। मैं नेट्स में नियमित रूप से उन्हें गेंदबाजी करता रहा हूं। मैं जानता हूं कि वे कैसे सोचते हैं और क्या करना चाहते हैं। मैं इसके लिए तैयार था और मैंने ऑफ-स्टंप के बाहर गेंदबाजी करने की कोशिश की, क्योंकि मुझे पता था कि वे मेरे खिलाफ बड़े शॉट खेलने की कोशिश करेंगे। इस विकेट के साथ सीएसके संभल नहीं पाई और 127 रन पर पूरी टीम सिमट गई। उधर, आरआर ने 13वें ओवर में ही मैच फिनिश कर दिया।

जडेजा ने कहा, मुझे लगा कि विकेट थोड़ा फिसलन भरा था और गेंद घूम रही थी, इसलिए मुझे गेंदबाज़ी करने में बहुत आनंद आया। मेरा काम बस सही जगहों पर गेंद डालना था और बाकी काम पिच पर छोड़ देना था।

खेल में आप किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले सकते; लक्ष्य चाहे जो भी हो, आपको कड़ी मेहनत करने के साथ ही पूरे जुनून से प्रयास करना होता है।

